Member's Bill and Resolutions presented to the House on the 13th August, 1968."

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That this House agrees with the Thirty-fifth Reports of the Committee on Private Members' Bill and Resolutions presented to the House on the 13th August, 1968."

The motion was adopted

15·0½ hrs.

RESOLUTION RE : RURAL HOUSING DEVELOPMENT *contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : The House will now take up further consideration of Mr. Tapuriah's resolution regarding rural housing. We have taken 45 minutes already and about 45 minutes still remain. I am told the hon. Minister will take about 15 minutes. So, we have half an hour at our disposal.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : This is the most important resolution. The time may be extended..(*Interruptions.*) It affects 400 million rural people.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Not more than fifteen minutes could be taken in addition to the time allotted. There is the second resolution.

SHRI S. K. TAPURIAH (Pali) : The other Resolution can be moved and kept alive.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The maximum extension that can be given at the discretion of the Chair is only half an hour. If the time is extended, we shall have only an hour and fifteen minutes—not more than that. Now, Shri Kalita.

SHRI DHIRESHWAR KALITA (Gauhati) : Mr. Tapuriah was not present when I spoke. I congratulated him for raising a discussion on rural housing..(*Interruptions.*)

15-03 hrs.

[SHRI THIRUMALA RAO *in the chair*]

श्री रणधीर सिंह : यह बड़ा इम्पार्टेन्ट रेजोल्यूशन है। राव साहब कहते हैं कि हम 45 करोड़ लोगों को मकान देंगे। इसके लिए ज्यादा टाइम होना चाहिए।

SHRI DHIRESWAR KALITA : I was referring to the condition of housing in the industrial belt, specially coal mines area, to which group of industry I understand Mr. Tapuriah belongs. The Government has not forced the industrialists in these areas to build houses for the workers. Now what is happening in the rural areas ? What is the condition of houses in rural India ? Generally people are coming to Delhi from the villages and work here as cobblers, etc. and they take some shelter. They are all useful to the life in Delhi. But we are evicting them from Delhi as unauthorised persons. Government were good enough to pass a Bill in this House the other day to evict these persons without providing them any shelter and accommodation.

Sir, I come from Assam and I know the conditions in my State. I do not know how much money the Government of India have allotted for the poor State of Assam. As for as I could see, not a single rupee has been spent on rural housing by the State or the Central Government. In Assam, we in the villages construct our houses with some thatches collected from the forests. Not even GI sheets are available. As is well known, the thatches are very sensitive to fire. In certain other States such as UP and Bihar also I have seen that the village people construct their houses with thatches made out of some tree leaves. These are very sensitive to fire.

I would like to know whether Government have any scheme to provide GI sheets or asbestos sheets to the rural people at a low cost. As far as I understand, even asbestos sheets cost Rs. 300 per bundle. So far as the GI sheets are concerned, the control has been lifted by Government, but we find that the prices are also increasing. Not even the rural people but even the middle income group people cannot build any house. The cost of building a house has increased so much, that not only rural people but even the middle income group people cannot construct houses for accommodating their family members.

[Shri Dhireswar Kalita]

I would submit that under the rural housing scheme the Government of India should allot some money to every State. This money can be given as loans to the village people through the village panchayats, on easy terms with less interest rates. Government sould formulate their scheme in such a way that the money would ultimately be allotted to the village panchayats for this purpose.

Again, I would point out that in the villages there are two categories of people. One is agricultural labour. The agricultural labourers have got no land and, therefore, they cannot offer any land as security for getting loan. Government will not give any advance to them if they cannot offer any security, and they cannot offer any security because they have no land to offer as security. The result is that the agricultural labourer cannot get even Rs. 20 or 50. So, Government should see that the agricultural labourers get the money through the village panchayats without their having to offer any security.

With these words, I would submit that the Government of India should immediately take up the rural housing programme under the Fourth plan and the Annual Plan so that the rural people of our country do not suffer for want of accommodation and for want of housing in our country.

MR. CHAIRMAN : Now, Shri Inder J. Malhotra.

श्री देवराव पाटिल (यवतमाल) : सभापति महोदय, ...

MR. CHAIRMAN : Here is a list before me from which I have to pick up the names.

श्री देवराव पाटिल : उपाध्यक्ष महोदय ने मुझे पुकारा था। This is very unfair. I had been called first.

MR. CHAIRMAN : Order, order. It is not fair to tell me that I have been unfair. It is not that I have any particular friends or foes.

SHRI DEORAO PATIL : Shri Dhireswar Kalita was on his legs on that day. सभा को मालूम है कि मुझे पुकारा गया था लेकिन चूंकि मि० कालिता को अपनी स्पीच समाप्त करनी थी इसलिए मैं बैठ गया।

MR. CHAIRMAN : I do not know all those things.

श्री देवराव पाटिल : हमारी बात आप नहीं सुनते हैं।

MR. CHAIRMAN : The hon. Member should await his chance. He should not lose his temper in this manner.

श्री देवराव पाटिल : जब भी देहातियों और किसानों का कोई प्रश्न होता है तो उसको उठाने की इजाजत इस हाउस में नहीं मिलती है।

I was in possession of the House at that time.

श्री रणधीर सिंह : यह रूरल एरियाज की बात है इसलिए रूरल एरियाज के एम० पीज़ ही बोलें, यह ठीक बात है।

SHRI INDER J. MALHOTRA (Jammu): If you like, let him speak. (*Interruptions*).

MR. CHAIRMAN : I have called Shri Inder J. Malhotra. Let him speak now.

SHRI INDER J. MALHOTRA : This is a resolution on which there cannot be two opinions in regard to its importance and significance. Right from the beginning when we started with the development of this country, emphasis has all along been laid on the general rural development and especially the rural housing development projects. But, unfortunately, our complaint is that neither the Central Govenment nor the State Government have given this problem the attention which it deserves.

As compared with allocation of funds for various other projects undertaken in the rural areas, I am afraid that only very meagre sums have been allotted by the Central and State Governments specifically to the rural housing programme.

As far as the general development of the country is concerned, for most of the things, we depend upon our rural population. If we want that we should progress and we

should have greater agricultural production in this country, we have to rely upon the rural population.

The housing problem in the rural areas has become so acute that especially after Independence all of us thought that the phase of rural India would change. But how can the living conditions in the rural areas be improved unless rural housing development projects are taken up and rural housing is improved ? I do not plead that there should be pucca houses in the rural areas, but I do expect from this Government that certain projects should be undertaken for improving the present type of houses which are built in the rural areas and more funds should be allotted for this purpose and more attention should be paid by the Central and State Governments towards this problem.

With these words, I support the resolution.

श्री एस० एम० जोशी (पूना) : सभापति महोदय, सदन के सामने जो संकल्प पेश है उसका समर्थन करते हुए मुझे खुशी हो रही है। मैं समझता हूं कि अभी तक हमारे शासन का और हम लोगों का ध्यान इस समस्या की तरफ़ नहीं गया है। यह एक बड़ी समस्या है और इस को लेकर हम अपना कदम आगे बढ़ायेंगे तो बहुत सारी बातें उसमें से निकल सकती हैं।

एक बात तो यह है कि हम लोग इस देश में सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते हैं मगर सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए जो जरिए हैं उनको खोजने में हम पीछे रहते हैं। मैंने देखा है कि देहातों में भी जो मकान होते हैं, बस्तियां होती हैं वह अभी भी जाति के हिसाब से बन रही हैं। कम से कम महाराष्ट्र में मैंने देखा है कि जितने भी शडयूल्ड कास्ट्स के लोग हैं उनकी बस्ती कहीं अलग जगह रहेगी और नौन शैडयूल्ड कास्ट्स लोग कहीं दूसरी जगह रहेंगे। इस तरीक़े से अभी भी हमारा समाज जाति के आधार पर बटा हुआ है। हम अगर बगैर जाति का खयाल किये इस ग्राम आवास विकास के प्रोग्राम को अपने हाथ में ले लें तो इतना ही नहीं होगा कि हम एक अच्छे कार्य को पूरा करेंगे बल्कि हम देश में एक सामाजिक क्रांति की लहर ले आयेंगे। हम अपने ग्रामीण जीवन को दूसरे ढांचे में ढाल सकते हैं। जब किसी एक ग्राम में हम हाउसिंग के लिए कुछ पैसा खर्च करने का तय करेंगे तब उसमें हम यह भी शर्त लगा सकते हैं कि उसके अन्तर्गत ऐसे लोगों के लिए घर बनायेंगे जो कि एक जगह साथ में रहने के लिए तैयार होंगे। अभी हाल में महाराष्ट्र में कोयना विपत्ति आई थी तो मैं ने इस सदन में यह चीज रखी थी कि आज मौका है जबकि हम अपने नये ग्राम बनायेंगे, वहां जब हम अपने घर बनायेंगे तो उन को दुबारा इस जातिवाद के आधार पर नहीं बांटना चाहिए और सब लोगों को एक साथ मिल कर रहना लाजमी करेंगे और इस तरह से अगर हम यह रूरल हाउसिंग का प्रोग्राम करेंगे तो देश में सामाजिक परिवर्तन और क्रांति लाने का भी यह एक जरिया हो सकता है। दूसरी बात यह है कि बहुत से शिक्षित लोग देहातों में रहना पसन्द नहीं करते हैं। जब हम ने अपने देश में शिक्षा के लिए इतनी कोशिश की है तो उसी के साथ हमें गांवों में सोशल एमनिटीज भी मुहैय्या करने की कोशिश करनी चाहिए। अभी चूंकि देहातों में मामूली सोशल एमैनिटीज भी नहीं मिलती है इसलिए शिक्षा पाने के बाद कोई भी लड़का देहात में रहना पसन्द नहीं करता है। हमें अपने ग्रामों को सुधारना चाहिए और उन्हें ऐसा बनाना चाहिए ताकि लोग वहां रहना पसन्द करें। जाहिर है कि जब तक गांवों म रहने के लिए अच्छे घरों की व्यवस्था नहीं होगी कोई भी शिक्षित नवयुवक वहां पर नहीं रहना चाहेंगे।

हमारे देश में शहरों और गांवों में बेरोजगारी फैली हुई है। गांवों में खास तौर से काफी बेरोजगारी है। जरूरत इस बात की है कि हम उन बेरोजगारों को काम दें, उन के टलेंट्स को इस तरह से ऐक्सप्लाएट करें कि

[श्री एस० एम० जोशी]

वह हमारे देश के लिए एसट्स साबित हों और देश में से बेरोजगारी दूर होकर देश में हम धन को बढ़ा सकें। यह कहा जा सकता है कि इसमें जो रुपया पैसा हम खर्च करेंगे तो उससे इनफ्लेश्नरी प्रैशर आ जायेगा लेकिन उसके पेट में से जो और बहुत सी दूसरी चीजें निकल आती हैं उन से तो वह अच्छे ही रहेंगे। इसलिए मैं समझता हूं कि यह जो प्रस्ताव है वह बहुत महत्व वाला है और हुकूमत को इस प्रस्ताव को मान लेना चाहिए। यह एक नौन कंट्रोवर्शियल चीज़ है। इसके ऊपर किसी को भी मतभेद नहीं हो सकता है। क्या कोई कांग्रेस का आदमी यह कहेगा कि ग्रामों में लोगों के रहने के लिए अच्छे घर न हों? मैं आशा करता हूं कि सभी ओर से इसे व्यापक समर्थन मिलेगा और मंत्री महोदय इस प्रस्ताव को स्वीकर कर लेंगे और यह नहीं कहेंगे कि प्रस्तावक महोदय अभी अपने इस प्रस्ताव को वापिस ले लें हम इस पर बाद में विचार करेंगे। मंत्री महोदय को इस प्रस्ताव को मान लेना चाहिए क्योंकि जैसा मैंने शुरू में कहा यह निर्विवाद रूप से एक अच्छा व सही क़दम है और इसके जरिए देश में एक स्वस्थ क्रांति लाई जा सकेगी। मैं इस प्रस्ताव का पुरजोर समर्थन करता हूं।

श्री देवराव पाटिल (यवतमाल): सभापति महोदय, श्री सुरेन्द्र कुमार तापड़िया ग्राम आवास विकास के सम्बन्ध में प्राथमिकता देने का जो प्रस्ताव सदन के सामने विचारार्थ लाये हैं मैं उस का पुरजोर समर्थन करता हूं।

समाज में मेहनत करने वाले और मेहनत न करने वाले दो वर्ग विद्यमान हैं। मुझे बड़े दुःख के साथ यह कहना पड़ता है कि अभी तक मेहनत करने वाला जो वर्ग है उसकी स्थिति सुधारने के बारे में कुछ भी प्रगति नहीं हो पाई है और इस बारे में यह आवास मंत्रालय भी कोई अपवाद नहीं है। आवास की बात को छोड़ दीजिये लेकिन आवास की जो स्कीम है, खेतिहर मजदूरों को मकान के लिये स्थान देने की जो स्कीम है उस के बारे में भी बिलकुल प्रगति नहीं हुई है। हाउस-साइट्स फौर लैण्डलैस और जय जवान और जय किसान की बात यहां की जाती है लेकिन हकीकत यह है कि उन को मकान बनाने के लिए जगह भी मुहैय्या नहीं की जाती है।

मैं पहली और दूसरी पंचवर्षीय योजना की बात नहीं कहता लेकिन तीसरी पंचवर्षीय योजना में रूरल हाउसिंग में मकान के लिये स्थान देने के लिए जो प्राविज़न किया गया था उसके बारे में भी अगर देखा जाय तो सन् 1962 से अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

इसके लिये 100 परसेन्ट ग्रान्ट उन लोगों को दी जाती है। अगर किसी को जगह नहीं दी जा सकती तो उन को उस की पूरी कास्ट मिलती है। यानी फ्री जगह उन को मिलनी चाहिए। लेकिन इस बारे में भी कुछ प्रगति नहीं हुई है। आप को मालूम होगा कि चाहे अनाज उत्पादन के बारे में हो या किसी और विकास कार्य के बारे में हो उन्होंने काफी कष्ट उठाया है। अनाज जो उगता है वह ऊपर के पानी से नहीं उगता है। ऐग्रीकल्चरल लेबर जब खेती का काम करती है, जब अपना पसीना बहाती है तब उस पसीने से क्राप आती है। लेकिन उस को मकान के लिये स्थान देने का काम इस गवर्नमेन्ट ने नहीं किया है। मैं एस्टिमेट्स कमेटी का एक ही रिमार्क आप के सामने पढ़ देता हूं। इस से मालूम हो जायेगा कि इस बारे में क्या प्रगति हुई है। रिपोर्ट कहती है कि :

> "The committee are unhappy to observe that there has practically been no progress in providing houses for land less agricultural workers in the villages, although the scheme was introduced about 6 years ago in 1962. It is regrettable that none of the States and Union

Territories have taken up the scheme seriously. While no action has been taken to introduce the scheme by the majority of the States, the progress in the four States which are implementing it is far from satisfactory."

इस तरह की कई स्टेट्स हैं। महाराष्ट्र सरीखी प्रोग्रेसिव स्टेट के बारे में मैंने प्रश्न पूछा था उसके बारे में इस में बतलाया है कि :

"Under the village housing projects scheme, agricultural workers are eligible for loan for construction or improvement of houses. The scheme also provides for allotment of free house-sites to landless agricultural workers. The Central Government gives 100% grant to the State Governments for this purpose. According to progrees reported in September, 1967, the State Government had not yet taken up this programme for implementation."

यह एक ही स्टेट की बात नहीं है। इस में पेज 97 पर दिया है कि आंध्र प्रदेश—निल, असम—कुछ नहीं, बिहार—बिल्कुल नहीं, गुजरात ने स्कीम नहीं लिया, महाराष्ट्र—निल। यानी जो खेतिहर मजदूर हैं उन के लिये जो स्कीम बनाई गई है उस के सम्बन्ध में कुछ नहीं किया गया है। शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के बारे में फर्स्ट और सेकेन्ड तथा थर्ड प्लैन में मकान के लिये जो प्राविजन किया गया था, उसके सब फिगर्स में देना नहीं चाहता, लेकिन गवर्नमेन्ट की जो रिपोर्ट है उसके मुताबिक 33 या 34 लाख लोगों को लैन्डलेस लेबरर्स को मकान देने का प्राविजन था, लेकिन उन्होंने 2 लाख लोगों को मकान देने का प्रबन्ध किया है। 34 लाख परिवार थे अगर उन में से 6 सालों में 2 लाख लोगों को हाउसेज दिये जाते हैं तो यह प्रोग्राम कहां तक चल पायेगा? जिन लोगों के पास रहने के लिये स्थान भी नहीं हैं वह कैसे कह पायेंगे कि वह भारत के नागरिक हैं। जब उन से कोई पूछता है कि कहां रहते हो और वे कहते हैं कि हमारे पास मकान नहीं हैं और रहने के लिये स्थान भी नहीं है, जहां हम रह सके तो हम को बड़ी ग्लानि होती है उन को जमीदार के घर में या उसके आश्रय में रहना पड़ता है। यह तो मैं ने आप को इस स्कीम के बारे में बतलाया।

अब आवास की जो स्कीम हैं उसके बारे में बतला कर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। आवास की योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। आवास की स्थिति में सुधार अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है क्योंकि इस से लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। जैसा श्री तापड़िया ने कहा, इससे लोगों को काम का अधिक अवसर मिलेगा। ग्रामीण जीवन को एक नया रूप देने में इस का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है।

एक और बात है। आप महालोनोबिस कमेटी की रिपोर्ट में देखेंगे कि देश की नेशनल इनकम बढ़ी और पर-कैपिटा इनकम भी बढ़ी है। लेकिन उस में यदि कोई अपवाद है तो खेतिहर मजदूर है। उन के लिये न तो नेशनल इनकम बढ़ी है और न पर-कैपिटा इनकम बढ़ी है। उस समाज को जो डेली वेजेज मिलती है वह उनके खाने के लिये ही पूरी नहीं होती, फिर वह मकान कैसे बना सकते हैं? इसलिये आज सख्त जरूरत है कि गवर्नमेन्ट रूरल हाउसिंग का कोई प्रोग्राम बनाये इन लोगों के लिये। मैं चाहता हूं कि जो बड़े लोग हैं, जो एक लाख रुपये के मकान शहरों में बनाते हैं, उन पर रोक लगाई जानी चाहिये। साथ ही जो एक लाख रुपये का मकान शहरों में बनाते ह उन पर टैक्स लगाया जाये। वह गवर्नमेन्ट को टैक्स दें और उस से जो रुपया मिले उसको रूरल आवास योजना पर खर्च किया जाये। मैं नहीं समझता कि गवर्नमेन्ट ने आज तक कुछ भी इस के बारे में किया है। श्री तापड़िया ने कहा कि इस सम्बन्ध में कुछ भी प्रगति नहीं हुई है। मैं बतलाना चाहता हूं कि गवर्नमेंट की जो 1966 की रिपोर्ट है उसके अनुसार शहरी क्षेत्रों में 114 लाख मकानों की कमी थी और ग्रामीण क्षेत्रों में 627 लाख मकानों की कमी थी। गवर्नमेन्ट की ही रिपोर्ट के

[श्री देवराव पाटिल]

अनुसार 113 लाख परिवारों के पास अपने कोई मकान नहीं थे। उनके पास खुद का मकान होने की बात तो छोड़ दीजिये, कई ऐसे परिवार हैं जिन के पास खुद के मकान के लिये स्थान भी नहीं हैं। इस में इतनी धीमी प्रगति हुई है।

जैसा मैंने कहा जब यह सोचा गया कि किन गांवों को सर्वेक्षण करने के लिये लिया जाय तब स्कीम यह बनाई गई कि 3700 गांवों का सर्वे किया जायेगा, लेकिन सर्वेक्षण किया गया कुल 1600 गांवों में। तीसरी योजना में जब इस स्कीम को लागू किया गया तब 5,000 गांवों का टार्गेट रखा गया। लेकिन तीसरी पंचवर्षीय योजना के अन्त तक केवल 2913 गांवों में ही लागू की गई। इस तरह से करीब 42 प्रतिशत का शार्टफाल हुआ। मकान बनाने के प्रोग्राम में दूसरी और तीसरी योजना में कुल 2 लाख 58 हजार मकान बनाने थे, लेकिन गवर्नमेन्ट ने बनवाये सिर्फ 25,188। यहां पर भी शार्टफाल 40 परसेन्ट का हुआ।

अगर ऋण देने के बारे में देखा जाये तो ग्रामीणों को सेकेन्ड प्लेन और थर्ड प्लेन में 9 करोड़ और 7.85 करोड़ रु० देने की स्कीम थी। लेकिन इस पर खर्च कितना हुआ? उस में भी 62 और 65 परसेन्ट का शार्टफाल हुआ। इस तरह से इस स्कीम का कोई असर देहाती क्षेत्रों में नहीं हुआ है और कोई भी स्कीम देहात में नहीं चलती है। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि जो बड़ी आय वाले लोग हैं उनसे कई गना ध्यान इस स्कीम की ओर देने की जरूरत है? क्योंकि वह खेतिहर मजदूर लोग मकान तैयार नहीं कर सकते इतनी कम उन की आमदनी है। जब तक गवर्नमेन्ट उन को मदद नहीं करती वह खुद मकान नहीं बना सकते। अगर देहातों की यह समस्या हल नहीं होगी और जो चौथा प्लान आने वाला है उन में हर एक व्यक्ति की बुनियादी जरूरतें पूरी होने का आश्वासन यदि नहीं मिलता और अल्प स्तर के जो लोग हैं उनके भोजन, वस्त्र और मकानों की मांग पूरी नहीं होती, तो सर्वसाधारण लोगों के लिये विकास की प्रगति और पंचवर्षीय योजना निरर्थक हो जायेगी।

SHRI D. N. TIWARY (Gopalganj) : Before you call members, I would request you to see that members from every state are called.

SHRI RANDHIR SINGH : It is a question of national importance.

MR. CHAIRMAN : You can ask for extension of time. But don't ask me to compress 100 speakers within 1 hour. The Deputy-Speaker has given an indication that a little more time may be given if members want.

SHRI RANDHIR SINGH : Please extend the time.

MR. CHAIRMAN : I am trying my best to give representation to all the States. I would request members to finish in 5 minutes and not repeat the arguments already advanced.

Mr. Berwa.

श्री ओंकार लाल बेरवा : (कोटा) : सभापति महोदय, यह जो प्रस्ताव आया है इसका मैं समर्थन करता हूं। ऐसा मालूम पड़ता है कि ये जो मकान हैं ये कुछ समय के बाद सरकार के किसी काम नहीं आएंगे। इसका कारण यह है कि यह सरकार परिवार नियोजन पर बड़ा जोर दे रही है। जब आदमी घटते चले जायेंगे तो इन मकानों में आगे चल कर कौन रहेगा। मैंने एक रिपोर्ट में पढ़ा है कि इसी साल में एक करोड़ बीस लाख आदमी कम हुए हैं। अब आप समझ लो कि पन्द्रह बीस साल में सारे बूढ़े बूढ़े तो खत्म हो जायेंगे और नए पैदा नहीं होंगे तो मकान खाली रहेंगे या नहीं रहेंगे। यह है स्कीम जोकि सरकार ने सोच रखी है। इस निकम्मी सरकार ने 125 करोड़ रुपया परिवार नियोजन पर खर्च किया है। लेकिन गांवों में जैसी मकानों की दशा है, वहां पर आने जाने

के लिए कोई सड़कें नहीं हैं, रास्ते नहीं हैं, उनकी तरफ इसका ध्यान नहीं गया है। मंत्री महोदय अगर कभी गांव में आते भी हैं तो घोड़ी ले कर जाते हैं। पैदल ये जा नहीं सकते हैं। या फिर कार में जाते हैं। दिल्ली का हाल यह है कि जो पार्लिमेन्ट स्ट्रीट है इसको अगर आप खोद कर देख लें तो आप को पता चलेगा कि इस पर हर साल तीन इंच मोटी डामर की परत चढ़ाई जाती है। यही पैसा अगर गांवों में लगा दिया जाए तो आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि वहां कितने मकान बन सकते हैं।

अब जो मकान वहां पर बने भी हैं उनकी हालत को आप देखें। सरकार ने हैल्थ सेन्टर बनाये हैं। वहां लोग जाते ही नहीं हैं। उन में गधे बंधते हैं यही हाल बच्चों को पढ़ाने के लिए जो स्कूल बनाये गए हैं उनका है।

चित्तौड़गढ़ में इन्होंने थोड़े से मकान बनाये थे। आप जा कर देख लो कि उनकी हालत क्या है। लोहारों के लिए इनको बनाया गया था। वे बेचारे अब भी गाड़ियों पर चल रहे हैं। इन कांग्रेसी नेताओं ने खूब गुलछर्रे उड़ाये और वहां उन लोगों को कह दिया कि आपका मारवाड़ का इलाका आजाद हो गया है। हमने आपके लिए मकान बना दिये हैं।

यही हाल भीलवाड़े का राजस्थान में है। वहां भी कुछ मकान बनाये गये थे। आप हाई वे पर जा कर इनको देख सकते हैं। इनको बने हुए तीन साल हो गए हैं लेकिन कोई इनमें रहता ही नहीं है। ये धराशायी हो रहे हैं।

जहां तक पैसा खर्च करने की बात है केन्द्रीय सरकार राजस्थान को पांच करोड़ रुपया देती है लेकिन राजस्थान सरकार उसमें से एक करोड़ भी खर्च नहीं करती है। ऊल जलूल कामों में रुपया खर्च कर दिया जाता है।

शैड्यूल्ड कास्ट्स के जो मकान हैं उनकी हालत को आप देखें। उनको साढ़े सात सौ रुपये मकान बनाने के लिए दिये जाते हैं और वे भी चार पांच साल में जबकि साढ़े सात सौ मिनिस्टरों की कार पालिस करने में खर्च हो जाते हैं। उनकी जो दयनीय स्थिति है उसकी ओर आपका ध्यान जाना चाहिये।

मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। गांवों से जितनी इनकम होती है, जितना रेवेन्यू आता है, वह सारे का सारा गांव में ही रखा जाए। उससे गांवों में मकान और सड़कें बनाई जाएं। लेकिन अगर ऐसा किया गया तो राज्य सरकारों का काम कैसे चलेगा? राज्य सरकारें केन्द्रीय सरकार को दिवालिया बताती हैं और केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को दिवालिया बताती है। ये सरकारें क्या मकान बनायेंगी। गांवों में जाने के लिए सड़कें नहीं हैं, पीने के लिए पानी के कुंए नहीं हैं। फिर आप कैसे आशा कर सकते हैं कि गांव सरसब्ज हो सकते हैं। गांवों के आदमी शहरों की तरफ दौड़ते हैं। उनको शहरों की चमचमाहट दिखाई देती है और उससे वे आकर्षित होते हैं और शहरों में आकर बसना पसन्द करते हैं। हमें देखना होगा कि वे गांवों को छोड़ कर क्यों शहरों की तरफ भाग आते हैं? अगर गांवों के अन्दर ही कारखाना स्थापित कर दिया जाए तो आप देखेंगे कि वे शहरों में आना नहीं चाहेंगे क्योंकि तब उनको वहीं पर रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकते हैं। लेकिन आज आपकी नीति क्या है? आपकी नीति यह है कि अगर दिल्ली में सौ फैक्ट्रियां हैं तो एक फैक्ट्री और लगा दो। हजार अगर मिलें तो एक मिल और लगा दो।

अभी बूंदी में एक सिमेन्ट फैक्ट्री खुलने वाली थी। उसको अब कहीं और आप ले गए हैं। ऐसी अवस्था में कैसे लोग गांवों में रहना पसन्द कर सकते हैं? आज होता यह है कि जहां के और जिस इलाके के कांग्रेसी

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

मिनिस्टर होते हैं वहां पर तो जरूर कुछ रूरल एरियाज में सड़कें बनने की उम्मीद हो सकती है लेकिन जिस इलाके का कोई मिनिस्टर नहीं होता है उसको कोई पूछता तक नहीं है। वोट लेने के लिए तो ये कांग्रेसी पहुंच जाते हैं लेकिन जब काम करने का वक्त आता है तो गांवों में जाकर शक्ल तक नहीं दिखाते हैं। चुनाव में इसके हथकंडे आप देखें। तब ये कहते हैं कि हम नहरें आपके लिए खोदेंगे, पानी आपको देंगे, स्कूल आपके लिए बना देंगे, इतने मकान बना देंगे और दुनिया भर की अंट शंट बातें करते हैं। लेकिन जब एक बार चुन लिये जाते हैं तो फिर पांच साल तक गांव में जा कर मुंह तक नहीं दिखाते हैं। ये जानते हैं कि ये गांवों में जायेंगे तो गांव वाले इन पर धूल फेंकेंगे, पत्थर फेंकेंगे और इन से जवाब तलब करेंगे कि तुम ने क्या किया है। गांव में जा कर ये खड़े नहीं हो सकते हैं। हमारे यहां तो यह हाल है कि जो एक दफा मिनिस्टर बन जाता है वह गांवों में दुबारा नहीं जाता है। दिल्ली की हालत क्या है, यह मुझे मालूम नहीं है। हमारे राजस्थान में तो इसी तरह से इनका स्वागत होता है। उन्होंने गांव वालों के लिए कुछ काम नहीं किया है।

आप राजस्थान में मकानों की बात करते हैं, रूरल एरियाज में मकान बनाने की बात करते हैं लेकिन हमारे मिनिस्टर साहब आज तक एम पीज तक के लिए इतने दिन हो गए हैं मकानों की जमीन तक नहीं दिला सके हैं। गांवों में इनकों क्या मिलेगा और क्या ये लोगों के लिए कर देंगे, क्या ये मकान बना देंगे। यह बात मेरी समझ में तो आती नहीं है। गांवों में रास्ते आने जाने के लिए नहीं है। नेहरूजी कहा करते थे कि बच्चों की पढ़ाई गांवों के पेड़ों के नीचे हो। लेकिन जहां पर पेड़ों की छाया तक बच्चों को नसीब नहीं होती है वहां बच्चे क्या पढ़ सकते हैं। राजस्थान का हाल तो यही है। वहां पर पेड़ भी नहीं हैं।

मैं सुझाव देना चाहता हूं कि हमारे रेवेन्यू की जो इनकम है उसका इस्तेमाल गांवों के अन्दर ही होना चाहिये और उससे कांग्रेसी नेताओं को मौज उड़ाने की इजाजत नहीं होनी चाहिये। उस पैसे को वहीं रखा जाए और गांवों के डिवेलेपमेन्ट में ही उसको खर्च किया जाए।

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : तापड़िया साहब ने जो रेजोल्यूशन पेश किया है इसका मैं स्वागत करता हूं। इस स्कीम को हाथ में लेने से सब से बड़ा लाभ यह होगा कि हमारे यहां गांवों में अनएम्प्लायमेन्ट का प्राब्लेम साल्व होगा। मकान बनाने के लिए किन-किन चीजों की जरूरत पड़ती है? लकड़ी की पड़ती है, ईंटों की पड़ती है, कोयले की पड़ती है, सिमेन्ट की पड़ती है। इन सब कामों को जो करने वाले लोग हैं अगर मकान बनें तो उनको रोजगार मिलेगा और हमारा प्रोडक्शन लोहे का, कोयले आदि का बढ़ेगा और रूरल एरियाज में जो बेरोजगारी हैं वह दूर होगी। कारण यह है कि मिट्टी ढोने वाले लोगों को, जमीन खोदने वाले लोगों को, ईंट ढोने वाले और बनाने वाले लोगों को काम मिलेगा। यह स्कीम बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए बहुत अच्छी है और मैं कहूंगा कि सब से अच्छी है।

इसके साथ साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि लाइफ इनश्योरेन्स का जो पैसा होता है आजकल वह ज्यादा तर शहरों में खर्च होता है, शहर वालों को ही मकान बनाने के लिए कर्जे मिलते हैं। देहातों से लाइफ इनश्योरेन्स की बहुत बड़ी रकम आती है लेकिन वह खर्च शहरों के लोगों पर हो जाती है मैं चाहता हूं कि लाइफ इनश्योरेन्स का जो पैसा हो वह देहातों में भी मकान बनाने पर लगना चाहिये। वह पैसा देहात वालों को भी मकान बनाने के लिए दिया जाना चाहिये।

सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट भी इस काम में एड देती है और लोअर इनकम वालों के लिए या मिडिल इनकम वालों के लिए वह पैसा खर्च करती है। उस खर्च में कुछ पैसा प्राविंशल गवर्नमेन्ट का होता है। शर्त यह रहती है कि अगर प्राविंशल गवर्नमेन्ट अपने हिस्से का पैसा दे दे तभी सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट अपना शेयर देती है वर्ना नहीं देती है। इस तरह से कई बार सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट का जो शेयर होता है वह खर्च नहीं होता है। मैं चाहता हूं कि एक सेन्ट्रल स्कीम इसके बारे में होनी चाहिये ताकि गांव वालों को भी, लोअर इनकम ग्रुप वालों को भी, मिडल इनकम ग्रुप वालों को भी तथा दूसरे लोगों को समय पर कर्ज मिल सके। यह मैं इसलिए कहता हूं कि देहातों में मकानों की हालत अच्छी नहीं है। जैसे और भाइयों ने कहा है इन की जरूरतों से खाने कपड़े की जरूरत के बाद स्वस्थ रहने के लिए उसको मकान की जरूरत होती है और उसकी यह आवश्यकता पूरी न हो तो उसको तरह तरह की बीमारियां आ घेरती हैं, तरह तरह की परेशानियों का उसको सामना करना पड़ता है।

मैं चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार इस स्कीम को मान ले और अगर इसके लिए फंड्स नहीं हैं तो मैं समझता हूं कि दूसरे फंड्स से रुपया काट कर हाउसिंग के काम में लगाया जाए या कोई नया रास्ता निकाला जाए। प्लानिंग कमिशन को भी इस पर विचार करना चाहिए।

बैंक्स भी यहां पैसा लगा सकते हैं। आप बैंक्स पर सोशल कन्ट्रोल करने जा रहे हैं। आप चाहते हैं कि बैंक्स खेती की उन्नति के लिए पैसा रखें। मेरा अपना खयाल है कि हाउसिंग के लिए भी उसमें प्राविजन होना चाहिये। जमीन की सिक्योरिटी पर पैसा उनको मिल जाए और जो मकान बने वह भी सिक्योरिटी के तौर पर उनके पास रह सकता है। यह उसी तरह से हो सकता है जैसे लाइफ इनश्योरेन्स में होता है और वहां से हाउसिंग के लिए पैसा दिया जाता है। कम इंटरेस्ट पर, समय पर उनको रुपया दिया जाय तो कुछ हद तक यह जो समस्या है यह हल हो सकती है। बैंकों के द्वारा, लाइफ इनश्योरेन्स के द्वारा उनको रुपया दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है।

जैसे एक साथी ने कहा है गवर्नमेन्ट टैक्स लगाने की बात को भी सोच सकती है। जो लोग दो चार या दस बीस लाख रुपये का मकान बनाते हैं उन पर टैक्स लगा दिया जाए और जो रुपया उन से वसूल हो उसको दूसरे कामों में खर्च न करके देहाती इलाकों में हाउसिंग पर खर्च किया जाए तो भी इस समस्या को हल करने में कुछ मदद मिल सकती है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि टैक्स तो आप लगा दें लेकिन जो रुपया वसूल हो उसको आप दूसरे कामों पर खर्च कर दें। रूरल डिवेलेपमेन्ट के कामों पर ही उस रुपये को खर्च किया जाना चाहिये। यह भी एक तरीका हो सकता है जिससे रूरल डिवेलेपमेन्ट हो सकता है, हाउसिंग स्कीम्ज में आपको सकसैस मिल सकती है।

इन शब्दों के साथ मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि वह इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लें।

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur) : Mr. Chairman, the greatest impediment in the development of rural India is that it is neither organised nor vocal. The urban centres are very vocal. Even the smallest grievance gets into the press and eventually the Government gets nervous about it. The impact is always felt of urban needs as against the genuine and basic needs of rural India. Unfortunately, this is the case even after 20 years of freedom. I am not accusing the Congress Government; I am sure, even my own Government cannot be absolved of this. But we have just started and I hope that as far as my State is concerned things will definitely improve.

[Shri S. Kandappan]

But what has this Government done after 20 years? The Estimates Committee have very pointedly drawn attention to the fact that even the basic approach to rural housing was wrong. They have taken the analogy of Puerto Rico which does not have the same pattern as is prevailing in our country. Basing their study on that country they have spoiled the whole thing. They have approved some kind of a memorandum and targets which are not at all adhered to. It is rather very comical even to refer to those figures, because the actual achievement has so much fallen short of the envisaged targets. It is a mockery and a fallacy to think that the Government has in fact made any effort with regard to slolving the rural housing problem at all.

Previous speakers have quoted some figures, but there are very catching figures which were given out by Government itself and about which the Estimates Committee has made some pugent remarks. For example, they had envisaged to cover an area of 5,000 villages during the Second Plan and the same target was fixed for the Third Plan also. The same 5,000 villages remained for both the Plans. But the implementation covered only 2,913 villages. Even that they were not able to cover completely.

The funds provided during the Second and Third Plans were underutilised. Everybody knows that the funds provided were not all adequate, but even those inadequate funds were underutilised. For example, during the Second Plan period only 37·6 per cent of the funds were used and there was a shortfall of 62·4 per cent. During the Third Plan only 34.7 per cent of the funds were used and there was a shortfall of 65·3 per cent.

What is the explanation ? What are the causes for this kind of a shortfall ? They are the negligence, the indifferent and callous attitude of Government to attend to this vital sector in order to provide at least a roof over these downtrodden people, who are really the backbone of this country. We often say that 83 per cent of our population lives in rural India and that our whole defence, our whole security, our whole strength depends upon the strength of rural India. But we do not do anything to improve the position, the prevailing condition, of the people living in rural areas.

As Shri Joshi has very rightly pointed out, housing in the rural areas is not only a question of just Providing a roof over the heads of the inhabitants there; it will also have a sort of a psychological impact. For example, we know that most of the landless agricultural labour is from the Scheduled Castes. From my experience I can say that in my place there was an attempt made by the Government to provide pucca buildings for the Scheduled Caste's settlements. At first it was mooted that these settlements should be built in the vicinity of the village itself thus bringing all the people together and eradicating the evil of caste from their minds. But, unfortunately, it did not succeed.

Even with regard to providing drinking water wells what they did was that in some places they provided facilities for drinking water in Harijan settlements; they did not give the same facility to other settlements which were of the caste Hindus, so that the caste Hindus may be forced to have recourse to that village well which is located in the Harijan locality. But, unfortunately, that also was opposed. There are hundreds of Harijan settlements and hutments in many places, in my State, and, probably, that is the case all over India, where they do not have even house sites, leave apart the question of having a pucca house. They do not live on their own house sites. After all, they need 5 cents of land or a little more. An assessment was made in Tamilnad, some years back, that the Tamilanad Government wanted a sum of about Rs. 12 crores for providing these house sites alone. I am saying this just to bring the attention of the Government the immensity of the problem. Even that was not being attended to. So, the Government has completely neglected it and has miserably failed to tackle this problem. Actually, it is only in name that this Department exists. In actual implementation of doing something with regard to the promotion of rural housing, they have done nothing about it.

I plead with the Government that at least from this stage onwards, they should do something. Anyway, there is not much of a scope looking to their draft Plan. They have not allocated much for rural housing in the Fourth Plan or in the Annual Plan the draft or which we got a few days back. What the Government has got to do is that they should re-orient the Plan as far as the priorities are concerned. They must do something about it. There is no use blaming the State Governments. The Central Government itself has failed to give a lead to the state Governments to solve this problem.

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री (बागपत) : माननीय सभापति महोदय, अगर भारत की चर्चा एक राष्ट्र के रूप में की जाये, तो यह कहना चाहिए कि यदि भारत कहीं बसता है, तो गांवों में। हमारी जनसंख्या का 82 फ़ीसदी हिस्सा गांवों में बसता है और 18 फ़ीसदी शहरों में। आज हमारे देश में कुल गांव 5,67,000 हैं जिनमें से 3,52,000 गांवों की आबादी 500 से कम है, 1,19,000 गांवों की अबादी 500 से 1,000 तक है और 65,000 गांवों की आबादी 1,000 से 2,000 तक है। इसका अर्थ यह है कि हमारे देश के 5,36,000 गांवों की आबादी दो हजार से कम है। इन आंकड़ों से यह मालूम होता है कि हमारा देश जिन गांवों में बसता है, उनकी स्थिति क्या है और इस लिए सारे देश के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए गांवों की तरफ़ ध्यान देना आवश्यक है। जिस प्रकार केवल मुंह पर क्रीम मल कर, तेल और साबुन लगा कर सारे शरीर को ठीक बनाए रखना संभव नहीं है, उसी प्रकार राष्ट्र के दस हिस्सों में से आठ हिस्सों को सूखा, पिछड़ा हुआ और उपेक्षित रख कर राष्ट्र की उन्नति नहीं की जा सकती है।

हर बात के लिए विदेशों में जाने की हमारी आदत हो गई है। अगर दिल्ली की सड़कों को ठीक करना हो, तो हमारे मिनिस्टर रूस जा कर मास्को की सड़कों को देखते हैं। अगर दिल्ली के रेस्टोरां को ठीक करना हो, तो कोई आदमी पैरिस के रेस्टोरां को देखने के लिए भेजा जाता है। अगर यहां के मकानों को बनाने का प्रश्न हो, तो हमारे अधिकारी न्यूयार्क के मकानों को देखने के लिए जाते हैं। मेरा कहना है कि जब ये लोग मास्को की सड़कों को देखते हैं, तो वे रूस, युरोप और अमरीका आदि देशों के गांवों को भी तो देखते होंगे। लेकिन कोई भी मिनिस्टर या अधिकारी कभी यह नहीं कहता कि वहां के गांव कैसे हैं और और हमें अपने गांवों की हालत को सुधारने के लिये क्या करना चाहिए।

इस लिए आज इस विषय में हमें अपनी मनोवृत्ति बनानी होगी और एक नीति निर्धारित करनी होगी, जिस के अनुसार इस देश में न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए हमें अपनी राष्ट्रीय आय के 82 फ़ीसदी भाग को जनसंख्या के आधार पर इस देश के 82 फ़ीसदी लोगों के लिए एलाट करना होगा। आज तक हम देखते आये हैं कि चाहे शिक्षा का प्रश्न हो और चाहे बिजली का, सड़कों का प्रश्न हो और चाहे पुलों का, केवल शहरों की तरफ़ ध्यान दिया जाता है। और शहरों के विषय में भी आप को जानकर आश्चर्य होगा कि हमारे देश में 1 लाख से ऊपर और 5 लाख तक आबादी के 95 शहर हैं, 5 लाख से 10 लाख तक की आबादी के 5 शहर हैं और 10 लाख से ऊपर की आबादी के 7 शहर हैं। यानी केवल एक दर्जन हमारे देश में ऐसे शहर हैं जिनकी आबादी 5 लाख से ऊपर है और सारा हमारी सरकार का, हमारे राजनैतिक नेताओं का, सारी हमारी मशीनरी का ध्यान अगर कहीं केन्द्रित है तो वह इन एक दर्जन शहरों के ऊपर केन्द्रित है और यह जो 5 लाख 66 हजार गांव हैं इनकी तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है। हमारे देश में अगर समाजवाद का नारा लगता है तो किसी को मन्ध आती है कि शायद रूस और चीन को देख कर लगता होगा, पूंजीवाद का नारा लगता है तो किसी को मन्ध आती है कि अमेरिकी को देख कर

[श्री रघुवीर सिंह शास्त्री]

ऐसा कहा जाता होगा। लेकिन मैं चाहता हूं कि समाजवाद की बात छोड़िए, पूंजीवाद की बात छोड़िए, और किसी वाद की बात छोड़िए, आज अगर देश में किसी वाद का नारा लगना चाहिए तो ग्रामवाद का नारा लगाना चाहिए और हमारा देश अगर बढ़ेगा तो वह तभी बढ़ेगा जब हमारे देश में ग्रामवाद का नारा लगेगा। हमारे देश में 82 प्रतिशत लोग गांवों में बसते हैं। इन का अगर हम विकास कर सकेंगे, इनकी उन्नति कर सकेंगे तो फिर आप के शहर भी चलेंगे, फिर आप के कारखाने भी चलेंगे। अभी बिजली की बात थी, मैं ने देखा कि जितनी बिजली देश में पैदा होती है उस में से केवल 7 फीसदी बिजली सिंचाई के काम आती है, बाकी 93 फीसदी बिजली शहरों पर खर्च होती है। तो अगर यही बात चालू रही, इसी तरह से सड़कों की, बिजली की, पुलों की सारी सुविधाएं शहरों को दी जाती रहेंगी, दिल्ली में तीन पुल जमुना पर हैं, चौथा और बनने जा रहा है, लेकिन चलिए दिल्ली से 60 मील उत्तर तरफ, जमुना के ऊपर एक भी पुल कहीं नहीं है, यानी जो करोड़ों लोग उसके दोनों किनारों पर बसते हैं उनके लिए पुल की जरूरत नहीं है और यहां तीसरा, चौथा और पांचवां पुल चाहिए इसलिए कि रोज वह जुलूस निकालते हैं, रोज अखबारों में निकालते हैं इस वास्ते इनको रोज पुल चाहिए और हमें कोई पुल नहीं चाहिए, तो अगर यही स्थिति हमारी रही तो यह हालत हो जायेगी कि गांवों की जनता का विश्वास आप के ऊपर से उठ जायेगा और गांवों की जनता मायूस हो कर यह जो बड़े बड़े महल दिल्ली में खड़े किए जा रहे हैं, सड़कों पर जो गमले लगाए जा रहे हैं, या जो बाग हरेभरे किए जा रहे हैं, इनकी तरफ ईर्ष्या भरी दृष्टि से देखेगी। . . . . . .

(व्यवधान)

इसलिए मेरा यह सुझाव है कि सरकार यह निश्चय करे और सरकार अपनी यह नीति बनाए चाहे तो प्लानिंग कमीशन कोई कमेटी बनाए चाहे पार्लियामेन्ट के मेम्बर्स की कोई कमेटी बनाई जाये, यह सिद्धांत तय किया जाय कि 82 प्रतिशत जो आमदनी देश की है वह गांवों में सड़कें बनाने पर लगे, मकान बनाने पर लगे, गलियों को ठीक करने पर लगे। आमदनी का 82 प्रतिशत गांवों को मिलना चाहिए।

दूसरा मेरा सुझाव है, इसके साथ-साथ आप यह भी निश्चय करें कि हम जो कुछ भी इस सिलसिले में काम करेंगे नीति बदल कर उस नीति बदलने का परिणाम यह हो कि हम गांवों की तरफ जा रहे हैं, हम शहरों की तरफ नहीं जा रहे हैं। क्योंकि गांधी जी का अपने जीवन का सब से बड़ा सिद्धांत था कि गांवों को प्रफुल्लित किया जाये और शहरों की आबादी को कम किया जाये। आज हम उलटा कर रहे हैं, हम गांवों को उजाड़ कर शहरों को बसाते हैं। तो यह चीज बन्द होनी चाहिए।

इस सिलसिले में एक मेरा और सुझाव है कि जब तक गांवों की सड़कें न बन जायें, मकान न बन जायें, उन को और सुविधाएं न मिल जायें तब तक बिलकुल पाबन्दी लगा देनी चाहिए, बैन कर दिया जाना चाहिए कि शहरों में कोई मकान नहीं बनेंगे, कोई सड़कें नहीं बनेंगी कोई और काम नहीं होगा। यह सारी चीजें तब तक के लिए बैन कर दी जायें जब तक कि गांव भी उसी सीमा तक न पहुंच जाये।

अन्त में मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि कि आप ने मुझे बोलने का समय दिया और विशेषकर तापड़िया साहब को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने गांवों का सवाल यहां पर उठाया।

MR. CHAIRMAN : Mr. E. K. Nayanar. I want to accommodate as many as possible.

SHRI SHEO NARAIN (Basti) : One from this side and one from that side.

MR. CHAIRMAN : I know my duty here. You cannot dictate to me. There are a number of members who want to take part in the discussion. Every one of them has got a common argument. I have to control the discussion and I shall see that members who want to make new points are given time.

Mr. Nayanar.

SHRI E. K. NAYANAR (Palghat) : My hon. friend who just spoke said that during the last twenty years Government had not done anything for rural housing; he pointed out the callousness of the Government's attitude towards this, the negli gence of the Central Government towards this. The Minister was laughing when he said that the Central Government had taken a negligent attitude.

SHRI S. KANDAPPAN : He knows it better than we.

